ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2022

# GRADE 7

# HINDI

**Subject Code:** 8 0 1

**Total Questions:** 40

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पॉइंट पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खण्ड-क ( विषय आधारित )

**निर्देश: इस खण्ड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. जिन व्यंजनों के उच्चारण में जिह्वा मुख के विभिन्न स्थानों को स्पर्श करती है, वे हैं–

(A) संयुक्त व्यंजन (B) स्पर्श व्यंजन

(C) ऊष्म व्यंजन (D) इनमें से कोई नहीं

2. 'य' किस प्रकार का व्यंजन है?

(A) स्पर्श (B) अंतस्थ

(C) उष्म (D) संयुक्त

3. किस शब्द में अनुस्वार के स्थान पर 'ण' लिखा जा सकता है?

(A) पंजा (B) पंडित

(C) पंद्रह (D) पंक्ति

4. कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है?

(A) कवियत्री (B) कवयित्री

(C) प्रादुर्भाव (D) आकलन

5. 'साधु' शब्द का सही बहुवचन रूप है–

(A) साधुओं (B) साधुएँ

(C) साधु (D) सधुएँ

6. 'भीतर' शब्द क्रिया का भेद है–

(A) रीतिवाचक क्रियाविशेषण (B) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(C) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण (D) कालवाचक क्रियाविशेषण

7. जो परिश्रम करता है, वह अवश्य सफल होता है– इस वाक्य में 'जो' तथा 'वह' शब्द हैं–

(A) निजवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) पुरुषवाचक सर्वनाम (D) संबंधवाचक सर्वनाम

8. 'अपमान' शब्द का उचित पर्याय नहीं है–

(A) तिरस्कार (B) तृष्णा

(C) निरादर (D) अवहेलना

9. बहुव्रीहि समास का उदाहरण है–

(A) गंगाजल (B) बेखटके

(C) मृगनयनी (D) चौमासा

10. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) बुद्धि का विकास होना (B) बुद्धि नष्ट होना

(C) बुद्धि पर प्रकाश पड़ना (D) बुद्धि का तीव्र गति से चलना

11. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(A) मुझे गृहकार्य करना था आज। (B) मैंने आपकी पुस्तक नहीं ली।

(C) हमारी कक्षा में चालीस छात्र हैं। (D) तुम्हारे दर्शन दुर्लभ हैं।

12. कौन-सा शब्द 'पक्ष' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?

(A) पंख (B) साथ

(C) दल (D) पक्षी

13. 'श्रमिक' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–

(A) श् + र् + अ+ म् + ई + क् + अ

(B) श्र + अ + म् + इ + क् + अ

(C) श् + र् + म् + इ + क् + अ

(D) श् + र् + अ+ म् + इ + क् + अ

14. कौन-सा शब्द 'त्व' प्रत्यय लगाकर नहीं बना है?

(A) ममत्व (B) पुरुषत्व

(C) मनुष्यता (D) लघुत्व

15. 'उद्घाटन' शब्द का सही संधि-विच्छेद है–

(A) उद् + घाटन (B) उत् + घाटन

(C) उत + घाटन (D) उद + घाटन

16. निम्नलिखित में से मूर्धन्य व्यंजन कौन-से हैं?

(A) क्, ख्, ग्, घ् (B) त्, थ्, द्, ध्

(C) ट्, ठ्, ड्, ढ् (D) स्, श्, ख्रफ

17. 'नीलगाय = नीली है जो गाय' में कौन-सा समास है?

(A) कर्मधारय (B) द्विगु

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

18. किस वाक्य की रेखांकित संज्ञा अपादान कारक में है?

(A) पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं। (B) छोटे बच्चे बोतल से दूध पीते हैं।

(C) तुम मुझसे बात मत करो। (D) माँ ने खाना बनाया।

19. जिस समास में पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है, उसे कहते हैं–

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय

20. 'चलिए छत पर चलते हैं।' वाक्य का रेखांकित पद 'छत' किस कारक में है?

(A) कर्त्ता (B) कर्म

(C) अधिकरण (D) करण

21. 'जब वह घर से बाहर निकल रहा था, उसी समय मेहमान आ गए।' वाक्य की रेखांकित क्रिया है–

(A) सकर्मक (B) अकर्मक

(C) संयुक्त (D) मिश्र

22. किस वाक्य की रेखांकित क्रिया सकर्मक क्रिया नहीं है?

(A) लुटेरों ने सामान तो लूटा ही साथ ही गोली भी मार दी।

(B) तुम्हारी कमीज कैसे फटी?

(C) आप झूठ मत बोलिए।

(D) हम लोगों को चलना है।

23. 'पता नहीं क्यों बच्चा नहीं सो रहा।' वाक्य से बना भाववाच्य का वाक्य कौन-सा है?

(A) पता नहीं क्यों बच्चा सो नहीं पा रहा।

(B) पता नहीं क्यों बच्चे से सोया नहीं जा रहा?

(C) पता नहीं क्यों बच्चा सोना नहीं चाहता?

(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

24. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?

(A) उधर चलकर बैठो।

(B) आज देर तक सोना।

(C) जब भूख लगे, तब कुछ खाना।

(D) सुबह छह बजे सोकर उठना।

25. 'आँखों में खटकना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) बुरा लगना

(B) किसी को देखने की तीव्र इच्छा होना

(C) होश आना

(D) बुरी दृष्टि से देखना

26. 'गुणसंपन्न' (गुणों से संपन्न) किस समास का उदाहरण है?

(A) करण तत्पुरुष

(B) कर्म तत्पुरुष

(C) संबंध तत्पुरुष

(D) अपादान तत्पुरुष

27. निम्नलिखित कवियों में कौन-से कवि सगुणभक्त कवि नहीं हैं?

(A) मीराबाई

(B) रसखान

(C) कबीरदास

(D) तुलसीदास

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

दरवाज़े पर बारात के पहुँचते ही समा बँध जाता है। बाराती और घराती दोनों का उत्साह कुलाँचें मारने लगता है। पास-पड़ोस के बच्चे, वृद्ध और स्त्रियाँ उस आनंद में सम्मिलित होने के लिए घेरकर खड़े हो जाते हैं। फोटोग्राफ़ के लिए कैमरे चमकने लगते हैं। आजकल वीडियो रिकॉर्डिंग भी होती है। कन्या-पक्ष के लोग आगे बढ़कर वर-पक्ष के लोगों का माल्यार्पण करते हुए उनसे बड़ी गर्मजोशी के साथ गले मिलते हैं। दोनों पक्षों का वह संगम अद्‌वितीय दृश्य उपस्थित करता है।

28. जब बारात लड़की वाले के दरवाज़े पर पहुँचती है, तब निम्नलिखित में से क्या नहीं होता है?

(A) बाराती और घराती दोनों उत्साहित हो उठते हैं।

(B) पास-पड़ोस के सभी छोटे-बड़े बारात को घेरकर खड़े हो जाते हैं।

(C) वर-पक्ष के लोग कन्या-पक्ष के लोगों के गले में माला पहनाते हैं।

(D) फोटोग्रा.फर अपने कैमरे से फोटो खींचने लगता है।

29. 'उत्साह कुलाँचे मारना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) जोश ठंडा पड़ जाना
(B) बहुत अधिक जोश से भर जाना
(C) उत्साह के कारण उछल-कूद करने लगना
(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

30. बारात के .......................... का संगम अद्‌वितीय दृश्य उपस्थित करता है।

(A) सब पक्षों
(B) पक्षों
(C) दोनों पक्षों
(D) चारों पक्षों

## खण्ड-ख ( योग्यता आधारित )

**निर्देश: इस खण्ड में 10 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल दो विकल्प सही है। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. वर्तनी की दृष्टि से कौन-से दो शुद्‌ध शब्द हैं?

(A) स्वास्थ
(B) स्वास्थ्य
(C) उज्ज्वल
(D) उज्जवल

32. निम्नलिखित में से कौन-से दो व्यंजन अल्पप्राण हैं?

(A) च्
(B) छ्
(C) ज्
(D) ठ्

33. कौन-से दो शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द नहीं है?

(A) लगाव
(B) लिखना
(C) सुंदर
(D) मजबूती

34. कौन-से दो शब्द तत्सम शब्द हैं?

(A) अग्नि
(B) आलस्य
(C) भौंरा
(D) अँधेरा

35. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द रूढ़ शब्द नहीं है?

(A) नल
(B) सूर्योदय
(C) पुस्तक
(D) निद्रा

36. महादेवी जी द्वारा लिखी गई दो कहानियाँ कौन-सी हैं?

(A) बड़े भाई साहब
(B) गुल्ली-डंडा
(C) गिल्लू
(D) नीलकंठ

37. कौन-से दो लेखक आधुनिक काल के हैं?

(A) रामनरेश त्रिपाठी
(B) तुलसीदास
(C) मीराबाई
(D) जयशंकर प्रसाद

38. किन दो शब्दों से बने बहुवचन रूप ग़लत हैं?

(A) नाली – नालीआँ
(B) लता – लताएँ
(C) बात – बातों
(D) बेटा – बेटे

39. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं हैं?

(A) चाँदी
(B) कामधेनु
(C) पहाड़
(D) क्रोध

40. वर्तनी की दृष्टि से कौन-से दो शब्द अशुद्ध हैं?

(A) व्याकरण
(B) वनमानुश
(C) रिण
(D) पर्णकुटी

GRADE
7

HINDI